Time to take your

# Online Course

## BANKING
## RAILWAY
## SSC



**ENROLL NOW**

ZERO PERIOD

We Believe in Learning

+91-97557-64717

www.zer0period.in

# कार्यालय, कलेक्टर (शिक्षा विभाग) जिला-दक्षिण बस्तर, दन्तेवाड़ा (छत्तीसगढ़)

Office phone no- **07856–252364** E mail –deo.officedantewada@gmail.com

क्रमांक/7096 /स्था./SAGES/संविदा भर्ती/2023 दन्तेवाड़ा, दिनांक 18/04/2023

## -:: प्रेस विज्ञप्ति ::-

## Walk in Interview

लोक शिक्षण संचालनालय छ.ग.नया रायपुर का पत्र आदेश क्रमांक एफ 23-08/2020/20-3/12 अटल नगर नवा रायपुर दिनांक 30.07.2020, क्रमांक/स्वा.आ.अं.मा./2021-22/259 रायपुर दिनांक 13.07.2021 एवं क्रमांक एफ 23-08/2020/20-दो/66 अटल नगर, नवा रायपुर दिनांक 24.06.2022 तथा समय-समय पर शासन द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुक्रम में **नवीन स्वीकृत स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल दन्तेवाडा, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल कारली(जावंगा)गीदम , स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल कुआकोण्डा** एवं **स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल कटेकल्याण, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल बारसूर,** के लिए निम्नानुसार अस्थाई रूप से संविदा पर शिक्षक एवं अन्य कार्यालयीन पदों पर संविदा भर्ती हेतु विज्ञापन में निम्नानुसार संविदा नियुक्ति सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा अधिसूचित छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम -2012 के प्रावधानों के अनुसार भर्ती किया जाना है।

संविदा भर्ती के लिए इच्छुक एवं पात्र उम्मीदवारों का **Walk in Interview** पद नाम के सम्मुख दर्शित तिथि को आयोजित किया जावेगा। इच्छुक एवं पात्र आर्हताधारी अभ्यर्थी निर्धारित एवं वांछित दस्तावेजों के साथ निर्धारित दिनांक 08 व 09 मई 2023 को कार्यालयीन समय प्रातः 10.00 बजे **कार्यालय,** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान दन्तेवाड़ा में उपस्थित होवें। रिक्त संविदा पदों का विवरण निम्नानुसार है-

| क्र. | पद नाम, विषय एवं माध्यम | | स्वा.आ.अं.मा.वि. दन्तेवाड़ा | स्वा.आ.अं.मा.वि. कारली (जावंगा) गीदम | स्वा.आ.अं.मा.वि. कुआकोण्डा | स्वा.आ.अं.मा.वि. कटेकल्याण | स्वा.आ.अं.मा.वि. बारसूर | संविदा नियुक्ति का मानदेय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | पद नाम | विषय | पदों की संख्या | पदों की संख्या | पदों की संख्या | पदों की संख्या | पदों की संख्या | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | व्याख्याता | गणित (अंग्रेजी माध्यम) | 1 (अनारक्षित) | 1 (अनारक्षित) | 0 | 0 | 0 | 38,100/- एकमुश्त |
| | | भौतिक (अंग्रेजी माध्यम) | 0 | 0 | 0 | 1 (अनारक्षित) | 0 | 38,100/- एकमुश्त |
| | | सामाजिक विज्ञान (अंग्रेजी माध्यम) | 0 | 1 (अनारक्षित) | 1 (अनारक्षित) | 1 (अनारक्षित) | 0 | 38,100/- एकमुश्त |
| | | वाणिज्य लेखांकन (अंग्रेजी माध्यम) | 0 | 0 | 1 (अनारक्षित) | | 0 | 38,100/- एकमुश्त |
| 2 | प्रधान अध्यापक प्रा.शा. (अंग्रेजी माध्यम) | | 0 | 1 (अनारक्षित) | 0 | 1 (अनारक्षित) | 0 | 35,400/- (एक मुश्त) |
| 3 | शिक्षक (अंग्रेजी माध्यम) | संस्कृत | 1 (अनारक्षित) | 0 | 1 (अनारक्षित) | 1 (अनारक्षित) | 0 | 35,400/- (एक मुश्त) |
| | | अंग्रेजी | 0 | 0 | 1 (अनारक्षित) | 1 (अनारक्षित) | 1 (अनारक्षित) | 35,400/- (एक मुश्त) |
| | | विज्ञान | 0 | 1 (अनारक्षित) | 1 (अनारक्षित) | 1 (अनारक्षित) | 1 (अनारक्षित) | 35,400/- (एक मुश्त) |
| | | गणित | 0 | 0 | 1 (अनारक्षित) | 1 (अनारक्षित) | 0 | 35,400/- (एक मुश्त) |
| | | सामाजिक विज्ञान | 1 (अनारक्षित) | 0 | 1 (अनारक्षित) | 1 (अनारक्षित) | 0 | 35,400/- (एक मुश्त) |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | सहायक शिक्षक (अंग्रेजी माध्यम) | अंग्रेजी | 0 | 1 (अनारक्षित) | 1 (अनारक्षित) | 1 (अनारक्षित) | 0 | 25,300/- (एक मुश्त) |
| | | विज्ञान | 0 | 1 (अनारक्षित) | 1 (अनारक्षित) | 1 (अनारक्षित) | 1 (अनारक्षित) | 25,300/- (एक मुश्त) |
| | | गणित | 1 (अनारक्षित) | 1 (अनारक्षित) | 1 (अनारक्षित) | 1 (अनारक्षित) | 1 (अनारक्षित) | 25,300/- (एक मुश्त) |
| | | सामाजिक विज्ञान | 1 (अनारक्षित) | 1 (अनारक्षित) | 1 (अनारक्षित) | 1 (अनारक्षित) | 1 (अनारक्षित) | 25,300/- (एक मुश्त) |
| 5 | प्रयोग शाला सहायक | भौतिक (अंग्रेजी माध्यम) | 1 (अनारक्षित) | 0 | 0 | 0 | 0 | 25,300/- (एक मुश्त) |
| 6 | **भृत्य** | | 1 (अजजा/मुक्त) | 1 (अजजा/मुक्त) | 0 | 0 | 0 | 15,600/- (एक मुश्त) |
| **योगः-** | | | **7** | **9** | **11** | **12** | **5** | |

| स. क्र. | पदनाम | **Walk in Interview का स्थान** | समय | **Walk in Interview** दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | व्याख्याता, प्रधान पाठक माध्यमिक शाला , शिक्षक | जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाईट) दन्तेवाड़ा | समय प्रातः 10.00 बजे | 08/05/2023 |
| 2 | प्रधान पाठक प्राथमिक शाला, सहायक शिक्षक | —do— | समय प्रातः 10.00 बजे | 09/05/2023 |

टीपः-

1. **आवेदनों का पंजीयन साक्षात्कार हेतु निर्धारित तिथि में प्रातः 10.00 बजे से 11.30 बजे तक किया जावेगा।** निर्धारित **समय पश्चात आवेदन मान्य नही होगा।**
2. **रिक्त पदों की संख्या घट बढ़ एवं विलोपित हो सकती है, इसके लिए समिति का निर्णय अंतिम होगा।**

**न्यूनतम शैक्षणिक अर्हताये :- अभ्यर्थी के पास संविदा भर्ती के सेवा के लिये निम्नानुसार न्यूनतम शैक्षणिक अर्हताएँ होना आवश्यक है :-**

**01. सहायक शिक्षक**

न्यून्तम 50 प्रतिशत अंकों के साथ उच्चतर माध्यमिक (अथवा इसके समकक्ष) तथा प्रारंभिक शिक्षा शास्त्र (चाहे उसे किसी भी नााम से जाना जाता हो) में द्विवर्षीय डिप्लोमा एवं प्राथमिक स्तर की शिक्षक पात्रता परीक्षा (TET) उत्तीर्ण ।

अथवा

न्यूनतम 45 प्रतिशत अंकों के साथ उच्चतर माध्यमिक (अथवा इसके समकक्ष) एवं प्रारंभिक शिक्षाशास्त्र (चाहे उसे किसी भी नाम से जाना जाता हो) में द्विवर्षीय डिप्लोमा जो राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् (मान्यता, मानदण्ड और क्रियाविधि) विनियम, 2002 के अनुसार प्राप्त किया गया हो।

अथवा

न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ उच्चतर माध्यमिक (अथवा इसके समकक्ष) एवं प्रारंभिक शिक्षाशास्त्र (बी.एल.एड.) में चार वर्षीय स्नातक

अथवा

न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ उच्चतर माध्यमिक (अथवा इसके समकक्ष) एवं प्रारंभिक शिक्षाशास्त्र (विशेष शिक्षाशास्त्र) में द्विवर्षीय डिप्लोमा

अथवा

स्नातक तथा प्रारंभिक शिक्षाशास्त्र (चाहे उसे किसी भी नाम से जाना जाता हो) में द्विवर्षीय डिप्लोमा

अथवा

न्यूनतम 50 प्रतिशत अंको के साथ स्नातक तथा बी.एड. अर्हता (राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद से मान्यता प्राप्त संस्थान से स्नातक) भी कक्षा 1 से 5 तक पढ़ाने के लिये अध्यापक के रूप में पात्र होंगे परन्तु यह कि उसे नियुक्ति के पश्चात राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त प्राथमिक शिक्षाशास्त्र में 6 महीने के एक विशेष कार्यक्रम पूरा करना होगा।

टीपः- अंग्रेजी माध्यम में माध्यमिक स्तर से हायर सेकेण्डरी शिक्षित अभ्यार्थी ही आवेदन हेतु पात्र होंगे।

**02. शिक्षक**

स्नातक और प्रारंभिक शिक्षाशास्त्र (चाहे उसे किसी भी नाम से जाना जाता हो) में द्विवर्षीय डिप्लोमा एवं माध्यमिक स्तर की शिक्षक पात्रता परीक्षा (TET) उत्तीर्ण ।

अथवा

न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक एवं शिक्षा (बी.एड.) में एक वर्षीय स्नातक

अथवा

न्यूनतम 45 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक एवं शिक्षा (बी.एड) में एक वर्षीय स्नातक, जो इस संबंध में समय-समय पर जारी किये गये राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (मान्यता, मापदण्ड तथा क्रियाविधि) विनियमों के अनुसार प्राप्त किया गया हो।

अथवा

न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ उच्चतर माध्यमिक अथवा इसके समकक्ष एवं चार वर्षीय बी.ए./बी.एस.सी.एड. या बी.ए.एड./बी.एस.सी.एड

अथवा

न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक तथा एक वर्षीय बी.एड. (विशेष शिक्षा)

टीपः- अंग्रेजी माध्यम में माध्यमिक स्तर से स्नातक तक शिक्षित अभ्यार्थी ही आवेदन हेतु पात्र होंगे।

**उपरोक्त स्नातक उपाधि में स्नातक के विषय निम्नानुसार होंगे-**

| सरल क्रमांक | विषय | विषय समूह |
|---|---|---|
| 1 | अंग्रेजी | अंग्रेजी साहित्य स्नातक स्तर पर एक विषय रहा हो |
| 2 | विज्ञान | रसायनशास्त्र, वनस्पति विज्ञान, प्राणी विज्ञान, सैन्य विज्ञान एवं भू-गर्भ विज्ञान में से कोई दो विषय स्नातक स्तर पर हो। |
| 3 | गणित | गणित के साथ निम्नलिखित में से कोई दो विषय- भौतिकी/रसायन/इलेक्ट्रॉनिक्स/कम्प्यूटर साईस/सांख्यिकी/सैन्य विज्ञान/भू-गर्भ विज्ञान। |
| 4 | सामाजिक विज्ञान | इतिहास, भूगोल, अर्थशास्त्र अथवा राजनीति विज्ञान में से एक विषय अनविार्य हो। |

**3. व्याख्याता**

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से द्वितीय श्रेणी में निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय में स्नातकोत्तर /समकक्ष एवं बी.एड.

| सरल क्रमांक | विषय | विषय समूह |
|---|---|---|
| 1 | सामाजिक विज्ञान | अर्थशास्त्र/एप्लाइड अर्थशास्त्र/बिजनेस अर्थशास्त्र/राजनीति विज्ञान/लोक प्रशासन/ भूगोल/इतिहास/प्राचीन भारतीय इतिहास |
| 2 | वाणिज्य | एकाउन्टेसी सहित वाणिजय/कास्ट एकाउटिंग/फाइनेन्सियल एकाउन्टेंसी मुख्य विषय के रूप में रहा हो। |
| 3 | गणित | गणित/एप्लाईड गणित |

टीपः- अंग्रेजी माध्यम में माध्यमिक स्तर से स्नातकोत्तर तक शिक्षित अभ्यार्थी ही आवेदन हेतु पात्र होंगे।

**3. प्रधान पाठक माध्यमिक शाला**

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से द्वितीय श्रेणी में किसी एक विषय में स्नातकोत्तर/समकक्ष एवं बी.एड. तथा माध्यमिक स्तर की शिक्षक पात्रता परीक्षा (TET) उत्तीर्ण ।

टीपः- अंग्रेजी माध्यम में माध्यमिक स्तर से स्नातकोत्तर तक शिक्षित अभ्यार्थी ही आवेदन हेतु पात्र होंगे।

**4. प्रधान पाठक प्राथमिक शाला**

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से द्वितीय श्रेणी में किसी एक विषय में स्नातक/समकक्ष एवं बी.एड. तथा प्राथमिक स्तर की शिक्षक पात्रता परीक्षा (TET) उत्तीर्ण ।

टीपः- अंग्रेजी माध्यम में माध्यमिक स्तर से स्नातक तक शिक्षित अभ्यार्थी ही आवेदन हेतु पात्र होंगे।

**5. भृत्य/चौकीदार/अंशकालीन सफाई कमचारी (कलेक्टर दर)**

न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ आठवीं उत्तीर्ण यदि किसी अभ्यर्थी के अंक सूची में ग्रेड अंकित जो तो संस्था प्रमुख से अंक निर्धारण (पूर्णांक/प्राप्तांक) कराया जाना अनविार्य है। **एवं राजस्व जिला दंतेवाड़ा के मूल निवासी ही मान्य होगें।**

**चयन प्रक्रिया :-**

1. व्याख्याता के पदो को छोड कर शिक्षक एवं माध्यमिक शाला प्रधान पाठक/प्राथमिक शाला प्रधान पाठक हेतु संभाग एवं सहायक शिक्षक के पदो पर सर्व प्रथम राजस्व जिला दन्तेवाड़ा के आवेदकों को प्राथमिकता दिया जावेगा। योग्य अभ्यार्थी नहीं मिलने की स्थिति में आवेदको पर समिति द्वारा विचार किया जायेगा।
2. शिक्षक पात्रता परीक्षा (TET) उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को प्रथम प्राथमिकता दिया जावेगा। यदि शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थी नहीं मिलने पर (TET) की अनिवार्यता शिथिल करते हुए डी.एड./डी.एल.एड. एवं बी.एड. उत्तीर्ण हुए अभ्यर्थियों का पूर्ति किया जावेगा।
3. उक्त पद पूर्णतः अस्थायी है। शासन के द्वारा नियुक्ति अथवा कार्य व्यवहार के आधार पर किसी भी समय पदच्युत किया जा सकेगा।
4. शैक्षिक पदों पर व्यवसायिक योग्यता डी.एड./डी.एल.एड. एवं बी.एड. उत्तीर्ण होना आवश्यक है।
5. छ.ग.राज्य के किसी भी मान्यता प्राप्त शालाओं में अध्यापन कार्य में अनुभव वाले आवेदको को प्राथमिकता दी जावेगी।
6. अभ्यार्थियों का चयन साक्षात्कारा के माध्यम से किया जायेगा। चयन प्रक्रिया में आकादमीक परीक्षा के अलावा 20 अंकों का साक्षात्कार होगा। आकदमीक परीक्षा एवं साक्षात्कार में प्राप्त अकों के आधार पर मेरिट सूची तैयार किया जायेगा।
7. चयन संबंधी उपरोक्त समस्त प्रक्रिया में समिति का निर्णय अंतिम एवं मान्य होंगे।

**नियम व शर्ते :-**

1. **Walk in Interview** के समय आवेदन पत्र के साथ संलग्न किये जाने वाले समस्त अंक सूची एवं अन्य दस्तावेज स्वंय के द्वारा सत्यापित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
2. **Walk in Interview** हेतु आवेदनो का पंजीयन निर्धारित तिथि में प्रातः 10.00 बजे से 11.30 बजे तक किया जावेगा। **निर्धारित समय के पश्चत पंजीयन हेतु आवेदन मान्य नहीं किया जावेगा।**
3. भविष्य में शासन के द्वारा उक्त पदों पर भर्ती किए जाने पर यह नियुक्ति स्वमेव निरस्त मानी जावेगी।
4. चयन समिति द्वारा निर्धारित प्रक्रिया ही मान्य किये जायेगें।
5. विज्ञापन तिथि के पूर्व अर्जित की गई शैक्षणिक एवं अन्य व्यवसायिक योग्यताऍ तथा अन्य जारी प्रमाण पत्र ही मान्य होगें।
6. निर्धारित प्रारूप में आवेदन जमा करना अनिवार्य होगा। अन्यथा की स्थिति में आवेदन निरस्त किया जावेगा।
7. अन्य शिक्षको की भांति इन शिक्षकों को भी अन्य आबंटित शालेय कार्य यथा मूल्यांकन, शालेय गतिविधियां आदि से भागीदारी सुनिश्चित करना होंगा। जिसके लिये अतिरिक्ति मानदेय की पात्रता नहीं होगी।
8. अपूर्ण/अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जावेगा, जिसकी जानकारी संबंधित को पृथक से नही दी जावेगी।
9. संविदा मानदेयः- संविदा सेवा अवधि के दौरान प्रतिमाह एकमुश्त मानदेय देय होगा। इसके अतिरिक्त किसी भी अन्य प्रकार की सुविधा/भत्ता प्रदाय नहीं किया जावेगा।
10. आवेदक का संपूर्ण शिक्षा (पद हेतु चाही गई योग्यतानुसार) किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड/वि.वि. से अंग्रेजी माध्यम से पूर्ण किया जाना अनिवार्य होगा। (हिन्दी एवं संस्कृत विषय को छोड़कर)
11. चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि किसी उम्मीदवार द्वारा किसी भी प्रकार से किसी प्रकार का दबाव डलवाया जा रहा है या निष्पक्ष चयन प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है। तो उनका आवेदन पत्र अमान्य कर दिया जावेगा तथा इस संबंध में कोई भी दावा मान्य नही किया जावेगा।
12. आवेदन में आवेदक अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछ्डा वर्ग श्रेणी के अभ्यर्थियों को सक्षम प्राधिकारी से जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगां आवेदन पत्र के साथ फोटो, 10वीं(जन्म प्रमाण पत्र), 12वीं, जाति, निवास,अनुभव एवं विज्ञापित पद हेतु वांछित समस्त प्रमाण पत्र तथा अंकसूची-स्व-प्रमाणित सत्यापित होना आवश्यक है। स्व-प्रमाणित न होने की स्थिति में आवेदन पत्र निरस्त माना जावेगा। तथा इसकी सूचना नहीं दी जावेगी।
13. निःशक्तजन को मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
14. आवेदक को छत्तीसगढ़ राज्य का मूल निवासी होना अनिवार्य है एवं सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र संलग्न किया जाना होगा।

15. उक्त पद पूर्णतः अस्थाई है। भविष्य में शासन के द्वारा उक्त पदों पर भर्ती किये जाने पर यह नियुक्ति स्वमेव निरस्त मानी जावेगी।
16. यह संविदा नियुक्ति 30 अप्रैल 2024 तक के लिए होगी। तत्पश्चात् आवश्यकता होने पर कार्यदक्षता, कार्यक्षमता एवं आचरण/व्यवहार के आधार पर दोनों पक्षों की सहमति से कार्य अवधि आगामी सत्र के लिये निरंतर रखे जाने पर विचार किया जा सकता है।
17. यह संविदा भर्ती सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञापन क्रमांक एफ.9-1/2012/1-3 दिनांक- 31 दिसम्बर 2012 के अनुसार संविदा भर्ती के संबंध में जारी समस्त शर्ते लागू होगी।
18. संविदा अवधि में छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (संविदा भर्ती) नियम 2012 के तहत् अवकाश की पात्रता होगी।
19. संविदा पर नियुक्त व्यक्ति छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचारण) नियम 1965 से शासित होंगे।
20. संविदा अवधि के दौरान दोनों पक्षों में से किसी एक पक्ष के द्वारा **एक माह की पूर्व सूचना या उसके एवज में एक माह का वेतन देकर नियुक्ति समाप्त** की जा सकेगी।
21. रिक्त पदों की संख्या घट-बढ़ एवं विलोपित हो सकती है, इसके लिए समिति का निर्णय अंतिम होगा।
22. नियुक्त शिक्षकों को शैक्षणिक कार्य के अतिरिक्त अन्य आबंटित शालेय कार्य यथा मुल्यांकन, शालेय गतिविधियां आदि में भागीदारी सुनिश्चित करना होगा। जिसके लिए अतिरिक्त मानदेय की पात्रता नहीं होगी।
23. संविदा शिक्षक/कर्मचारियों को सीधी भर्ती द्वारा नियमित पदों की नियुक्ति में कोई दावेदारी नहीं होगी।
24. आवेदक की उम्र 01 जनवरी 2023 को न्यूनतम 18 वर्ष होनी चाहिए। आयु की गणना दिनांक 01 जनवरी 2023 की स्थिति में की जावेगी। उम्र की पुष्टि हेतु 10 वीं की अंक सूची प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। परन्तु आयु सीमा में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी छूट संबधी आदेश/निर्देश संविदा नियुक्ति के लिये लागू होंगे।
25. विज्ञापन एवं आवेदन पत्र (निर्धारित आवेदन प्रारूप ही मान्य होगा) का विस्तृत प्रारूप तथा नियम-शर्ते दन्तेवाड़ा जिले के वेबसाईट www.dantewada.gov.in एवं जिला शिक्षा कार्यालय दंतेवाड़ा के सूचना पटल पर देखा जा सकता हैं।
26. भर्ती की प्रक्रिया के दौरान होने वाले किसी भी विवाद एवं समस्या की स्थिति में अंतिम निर्णय लेने का सर्वाधिकार चयन समिति दन्तेवाड़, कारली(जावंगा)गीदम,कटेकल्याण, कुआकोण्डा एवं बारसूर को होगा।
27. किसी भी विवाद की स्थिति में समिति का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

**(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)**

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत दंतेवाड़ा
जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ0ग0)

# कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, जिला–दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

**स्वामी आत्मानदं शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय दन्तेवाड़ा/कारली(जावंगा)/कटेकल्याण/कुआकोण्डा/बारसूर**

संविदा/प्रतिनियुक्ति पद हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप

**आवेदित शाला का नाम** – ............................................................

**आवेदित पद का नाम** – ............................................................

हाल ही में खींचा हुआ रंगीन पासपोर्ट साईज फोटो स्वयं से सत्यापित कर चस्पा करें

**प्रति,**

**जिला शिक्षा अधिकारी**
**जिला–दन्तेवाड़ा**

1. आवेदक का नाम (हिन्दी में)* – ............................................................
   (अंग्रेजी मे)* – ............................................................
2. पिता/पति का नाम* – ............................................................
3. जन्मतिथि अंको में* – ............................................................
   (शब्दो में) * – ............................................................
4. आयु दिनांक 01.01.2023 की स्थिति में* ..................दिन.......................माह.....................वर्ष
5. लिंग – पुरूष ☐ महिला ☐ अन्य ☐
6. क्या आप छत्तीसगढ़ के मूल निवासी है* – हॉ ☐ नहीं ☐ हॉ तो जिला का नाम– ................................
7. **शैक्षणिक/व्यवसायिक योग्यता का विवरण, जो कि अनिवार्य अर्हता में चाहा गया है* –**

| क्र. | परीक्षा का नाम | शिक्षा माध्यम हिन्दीं/ अंग्रेजी | उत्तीर्ण होने का वर्ष | मान्यता प्राप्त बोर्ड/ विश्वविद्यालय का नाम | विषय | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | 5वीं | | | | | | | |
| 2 | 8वीं | | | | | | | |
| 3 | 10वीं | | | | | | | |
| 4 | 12वीं | | | | | | | |
| 5 | स्नातक | | | | | | | |
| 6 | स्नातकोत्तर | | | | | | | |
| 7 | | | | | | | | |
| 8 | | | | | | | | |
| 10 | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |

**8.छत्तीसगढ़ राज्य शासन में शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्थान अथवा सार्वजनिक उपक्रम,निगम मंडल में शैक्षणिक कार्य का अनुभव का विवरण*–**

| क्र. | नियोक्ता विभाग/ संगठन का नाम | संस्था/ प्रतिष्ठान का नाम जहाँ कार्य किया /कर रहे है | पदनाम | पद की प्रकृति (अस्थायी/ स्थायी/ संविदा/अन्य) | मसिक वेतन रू. में | कार्य ग्रहण अवधि दिनांक सहित | कुल अनुभव (माह में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | | | |
| 2 | | | | | | | |
| 3 | | | | | | | |
| 4 | | | | | | | |

**टीप *:–** आवेदक द्वारा दिये गये अनुभव की जॉच कराई जायेगी, जॉच में किसी भी प्रकार से गलत/भ्रामक जानकारी प्राप्त होने की स्थिति में आवेदक का आवेदन पद हेतु अमान्य किया जायेगा तथा वैधानिक कार्यवाही की जावेगी, अतः असत्य जानकारी न दी जावे।

**टीप*:–** आवेदक को पद की पूर्ति से संबंधित आवश्यक जानकारी/पत्राचार/ई–मेल/SMS के माध्यम से दिया जायेगा। अतः ध्यानपूर्वक ई–मेल एवं WhatsApp मोबाईल नंबर अंकित करें।

***निम्न बिन्दुओं की जानकारी हेतु उचित खाने में चिन्ह अंकित करें । यदि जानकारी हॉ में है तो सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र भी संलग्न करें।**

**9. पत्र व्यवहार का पूर्ण पता*** – ..........................................................................

..........................................................................

(STD) कोड..........................लैड लाईन नंबर..........................

मोबाईल नंबर..........................................................

ई मेल आई.डी..........................................................

जिले का नाम–..........................................पिन कोड–..........................

10. क्या आपके पास आवेदित पद के लिए शैक्षणिक एवं व्यावसायिक योग्यताएँ है– हॉ ☐ नहीं ☐

11. रोजगार कार्यालय का नाम एवं जीवित पंजीयन क्रमांक दिनांक सहित*–..........................................

12. जाति (अजजा/अजा/अपिव/अना)* –..........................................................

13. संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची* –

1. 5वीं/8वीं/10वीं/12वीं की अंकसूची ( आयु के सत्यापन के संबंध में 10वीं/अन्य की अंकसूची)*
2. अनुभव प्रमाण पत्रा (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी)/अनापत्ति प्रमाण पत्र (नियोक्ता के द्वारा जारी)*
3. शैक्षणिक योग्यता संबंधी प्रमाण पत्र*
4. मूल निवास प्रमाण पत्र एवं जाति प्रमाण पत्र अनिवार्य (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी)*
5. रोजगार पंजीयन प्रमाण पत्र(जीवित रोजगार पंजीयन अनिवार्य)*
6. डी.एड./डी.एल.एड./बी.एड./बी.लिब./बी.पी.एड./स्नातक/स्नातकोत्तर आदि (संबंधित योग्यता के समस्त सेमेस्टर की अंकसूची आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य हैं)*

**आवेदक/आवेदिका के हस्ताक्षर**

**पूरा नाम ..........................................**

## घोषणा – पत्र

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि मैंने विज्ञापित पात्रता शर्तो को पढ़ लिया है। जहां तक मेरी जानकारी और विश्वास है, इस आवेदन पत्र की सभी प्रविष्टियॉ पूर्ण और सत्य है। त्रुटिपूर्ण/अपूर्ण अथवा असत्य जानकारी प्रस्तुत करने पर नियमानुसार मैं स्वयं जिम्मेदार रहूँगा/रहूँगी। गलत जानकारी प्रस्तुत करने पर आवेदन पत्र निरस्त किया जावेगा तथा चयन/नियुक्ति बिना नोटिस के निरस्त की जावेगी।

स्थान :– ..........................

दिनांक :– ..........................

**आवेदक/आवेदिका के हस्ताक्षर**

**पूरा नाम ..........................................**

Time to take your

# Online Course

## BANKING
## RAILWAY
## SSC



**ENROLL NOW**

ZERO PERIOD

We Believe in Learning

+91-97557-64717

www.zer0period.in